मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-404
25/08/2025

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार– 2025 के लिये चयनित बिहार के 3 शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 25 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार– 2025 के लिये चयनित बिहार के 3 उत्कृष्ट शिक्षकों– प्राथमिक विद्यालय, सुहागी, किशनगंज की कुमारी निधि, ललित नारायण लक्ष्मी नारायण, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, सुपौल के श्री दिलीप कुमार एवं सैनिक स्कूल नालंदा के डॉ0 प्रमोद कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होना उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। मुझे विश्वास है कि आप इसी तरह लगन, निष्ठा और प्रेरणादायक कार्यों से बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में अपना योगदान देते रहेंगे।

*****